**डॉ. के. श्रीनिवासराव**
**सचिव**
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

**साहित्य अकादेमी**
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

## साहित्य अकादेमी द्वारा साहित्य मंच कार्यक्रम संपन्न

## तीन रचनाकारों ने प्रस्तुत की अपनी रचनाएँ

नई दिल्ली। 19 नवंबर 2020; साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पुस्तक सप्ताह के अवसर पर आज साहित्य मंच कार्यक्रम किया गया, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े तीन वरिष्ठ रचनाकारों ने रचनाएँ प्रस्तुत कीं। प्रताप सिंह एवं राकेशरेणु ने जहाँ कविताएँ प्रस्तुत कीं वहीं अवधेश श्रीवास्तव ने कहानी प्रस्तुत की। राकेशरेणु ने *स्त्री, मखाने* एवं *शुभकामनाएँ* शीर्षक से अपनी कविता श्रृंखला की कुछ कविताएँ सुनाई तथा *नए मगध में* शीर्षक से अलग कविता प्रस्तुत की। अंतिम कविता कोरोना महामारी पर एक मार्मिक टिप्पणी थी। प्रताप सिंह की भी कविताएँ कोरोना महामारी से प्रभावित आम लोगों पर केंद्रित थीं। उन्होंने पत्रकारिता के अपने अनुभवों पर *जागर* शीर्षक से भी एक कविता प्रस्तुत की। अवधेश श्रीवास्तव ने *दायित्व* शीर्षक से कहानी प्रस्तुत की जिसके केंद्र में पिता और पुत्र के असहज संबंध थे, जिस कारण अंत में पुत्र को अपने प्राणों की आहूति देनी पड़ी।

कार्यक्रम में बलराम, बी.एल. गौड़, कमलेश भट्ट कमल, श्याम सुशील, अमर पंकज, सुधीर सुमन एवं अन्य कई महत्त्वपूर्ण लेखक एवं पत्रकार उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि यह पुस्तक प्रदर्शनी दिनांक 27 नवंबर तक पूर्वाह्न 10.00 बजे से सायं 6.00 बजे तक प्रतिदिन खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में पुस्तकें 20 प्रतिशत की आकर्षक छूट पर उपलब्ध हैं एवं कुछ चुनिंदा पुस्तकों पर 75 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध रहेगी।

पुस्तक प्रदर्शनी के दौरान साहित्य मंच, पुस्तक–चर्चा, बहुभाषी कविता–पाठ कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

(के. श्रीनिवासराव)

**रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली**-110 001, **दूरभाष :** +91-11-2338 7064, 2307 3002, **फैक्स :** +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in